प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.04.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रदेश की आठ सीटों पर प्रचार थमा : 26 अप्रैल को होगा मतदान।
2. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आगरा और शाहजहांपुर में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में करेंग जनसभा को संबोधित।
3. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज दो दिवसीय दौर पर पहुंच वाराणसी : करीब पांच हजार कार्यकर्ताओं से कर रहे है संवाद।
4. समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव कन्नौज लोकसभा सीट से तेज प्रताप यादव की जगह कल दाखिल करेंगे नामांकन।

और

5. प्रदेश में तेज गर्मी से लोग बेहाल : मौसम विभाग ने 26 और 27 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश की जताई संभावना।

————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये प्रदेश की आठ सीटों पर आज चुनाव प्रचार थम गया। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा, बसपा और इंडिया गठबंधन समेत अन्य उम्मीदवारों ने अपने पक्ष में माहौल बनाया।

गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर ने हापुड जनपद के पिलखुवा में रोड शो कर वोट मांगे। वहीं हापुड में भाजपा प्रत्याशो अरुण गोविल ने रोड शो किया। राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने अमरोहा के पपसरा गांव में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। पोलिंग पार्टियां और सुरक्षाकर्मी कल से ही पोलिंग बूथों पर रवाना होंगे। इस चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में 26 अप्रैल को वोट डाले जायेंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक इस चरण में कुल इक्यानबे उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। गौतमबुद्धनगर और मथुरा सीट पर सर्वाधिक पन्द्रह–पन्द्रह और बुलंदशहर में सबसे कम छः प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला एक करोड़ सड़सठ लाख सतहत्तर हजार एक सौ अट्ठानबे मतदाता करेंगे।

———————————

<u>तीसरा चरण–चुनाव प्रचार</u>

लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण के लिये प्रदेश में चुनाव प्रचार तेज हो गया है। मैनपुरी लोकसभा से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के समर्थन में समाजवादी पार्टी ने आज सफई में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। इसमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव आर पार्टी महासचिव

शिवपाल सिंह सहित पार्टी के बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिम से चली हवा भाजपा का सफाया कर रही है। पहले चरण ने रूझान दे दिया है कि जनता भाजपा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भाजपा का झूठ आम लोग समझ चुक हैं। वहीं शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा देश की जनता को भ्रमित कर रही है। सरकार ने अपना कोई वादा पूरा नहीं किया है सिर्फ पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाया है।

प्रदेश में तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, बरेली और आंवला पर सात मई को मतदान होगा।

———————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश की 10 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसमें ताज नगरी आगरा की अहम सीट भी शामिल है। इस सीट पर भाजपा ने सांसद एसपी सिंह बघेल को दोबारा चुनाव मैदान में उतारा है। बहुजन समाज पार्टी ने कांग्रेस नेता सत्या बहन की बेटी पूजा अमरोही को अपना प्रत्याशी बनाया है, जबकि समाजवादी पार्टी ने सुरेश चंद कर्दम को टिकट दिया है। इनके अलावा आठ अन्य प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में हैं।

पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट...........

*आगरा लोकसभा सीट पर कुल 17 लाख 57 हजार 46 मतदाता हैं। इनमें 9 लाख 85 हजार 105 पुरुष मतदाता, 8 लाख 68 हजार 37 महिला मतदाता और 98 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। आगरा लोकसभा सीट कभी कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी। वर्ष 1952 से लेकर 1971 तक यहां से कांग्रेस ने जीत दर्ज की, जबकि इमरजेंसी के बाद ~~देश में~~ कांग्रेस विरोधी लहर में चौधरी चरण सिंह की पार्टी भारतीय लोक दल ने यहां पर जीत दर्ज की। हालांकि, उसके बाद 1980 और 1984 के दो चुनावों में यहां पर कांग्रेस फिर जीती ~~गई~~। 1989 में जनता दल ने इस सीट पर कब्जा किया। उसके बाद 1991,1996,1998 में देश में हुए लगातार तीन लोकसभा चुनावों में भगवान शंकर रावत भाजपा से सांसद रहे। वर्ष 1999 और 2004 में समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़े फिल्म अभिनेता राजबब्बर यहां सांसद रहे। वर्ष 2009 और 2014 भाजपा ने इस सीट पर कब्जा किया और राम शंकर कठेरिया सांसद बने। वर्ष 2019 में भाजपा ने अपना प्रत्याशी बदल यहां से प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल को चुनाव लड़ाया और वह सांसद बने। इस बार भाजपा ने–एसपी सिंह बघेल सपा ने सुरेश चंद कर्दम और बसपा ने पूजा अमरोही को प्रत्याशी बनाया है। सभी पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार तेज कर दिया है। सज्जन सागर, आकाशवाणी समाचार, आगरा।*

———————————

प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी है। धौरहरा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार रेखा वर्मा ने आज अपना नामांकन किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक माजूद रहे। फर्रूखाबाद लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी क्रांति पांडे और सपा प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य ने आज नामांकन किया। शाहजहांपुर सीट से सपा प्रत्याशी ज्योत्स्ना गौड़ और उन्नाव से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी सांसद साक्षी महाराज ने अपना नामांकन–पत्र दाखिल किया। उन्नाव सीट पर बसपा के प्रत्याशी अशोक पांडे, सपा की प्रत्याशी पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने नामांकन का दूसरा सेट जमा किया।

चौथे चरण के लिये नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी, 29 अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि है। इस चरण में 13 सीटों पर 13 मई को वोट डाले जायेंगे।

———————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आगरा और शाहजहांपुर में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। आगरा लोकसभा सुरक्षित सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रोफेसर रामशंकर कठेरिया और फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशो राजकुमार चाहर के समर्थन में कोठी मीना बाजार मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। जनसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हिस्सा लेंगे। जनसभा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं शाहजहांपुर में श्री मोदी की बरेली मोड़ स्थित मैदान में होने वाली चुनावी सभा को देखते हुए जिले को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। इसके तहत पूरे दिन पतंगबाजी, ड्रोन, गुब्बारे आदि को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। जगह–जगह पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

———————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज शाम दो दिवसीय दौर पर वाराणसी पहुंच। श्री शाह वाराणसी के पांच विधानसभा क्षेत्रों के करीब पांच हजार पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम म शामिल हुए। श्री शाह ने तुलसी उद्यान में वाराणसी लोकसभा क्षेत्र के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके बाद वह लोकसभा क्षेत्र के लगभग 50 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इनमें कोर कमेटी, चुनाव संचालन कमेटी, प्रदेश कमेटी और शीर्ष पदाधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

————————————

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव कल कन्नौज लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। दो दिन पहले पार्टी ने कन्नौज सीट से उम्मीदवार के तौर पर तेज प्रताप यादव के नाम की घोषणा की थी लेकिन बाद में

अखिलेश यादव ने इस सीट से लडने का फैसला किया। चौथे चरण में इस सीट पर मतदान होना है, जिसके लिए नामांकन दाखिल करने का कल आखिरी दिन है। अखिलेश यादव मुलायम सिंह यादव परिवार से पांचवें व्यक्ति होंगे, जो इस बार संसदीय चुनाव लड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश के राजनीतिक इतिहास में यह पहली बार है, जब एक ही समय में एक राजनीतिक परिवार के 5 सदस्य चुनाव लड़ रहे हैं।

———————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा को मिलने वाला एक—एक वोट हर व्यक्ति की सुरक्षा, सुशासन और संप्रभुता को सुनिश्चित करता है। भारतीय जनता पार्टी भारत को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने के संकल्पना को लेकर आगे बढ़ रही है। श्री योगी ने यह बात आज लखनऊ में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के साथ पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। श्री योगी ने कहा कि कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी के अधिकारों में घुसपैठ करने की है।

———————————

प्रदेश के अधिकांश जिलों में इन दिनों तेज गर्मी से लोग बेहाल हैं। मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल लू चलने की चेतावनी जारी की है। वहीं 26 और 27 अप्रल

को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछार पड़ने की संभावना है।

———————————

आकाशवाणी को प्रधान महानिदेशक डॉ. वसुधा गुप्ता ने आज मथुरा आकाशवाणी केंद्र और दूरदर्शन केंद्र का निरीक्षण किया और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। डॉ. वसुधा गुप्ता ने कहाकि स्थानीय रेडियो स्टेशन द्वारा स्थानीय समस्याओं पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया जाए। साथ ही स्थानीय संस्कृति और रीति रिवाजों का भी पूरा ध्यान रखा जाये, जिससे ब्रज की संस्कृति, कला और साहित्य को जन–जन तक पहुंचाया जा सके।

(समाप्त)

वैशाख प्रतिपदा–विंध्यवासिनी

वैशाख प्रतिपदा तिथि पर आज विंध्याचल स्थित मां विंध्यवासिनी के दरबार में श्रद्धा और भक्ति के बीच जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिर के समीप स्थित गंगा नदी के पक्का घाट से गंगा जल लाकर देवी मां का जलाभिषेक किया। आज रात्रि में विशेष पूजन अर्चन भी किए जाएंगे।

पीटीसी / मिर्जापुर